पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक)
समस्तीपुर

अधिसूचना :–

विषयः– यांत्रिक (समाडि) विभाग में जूनियर इंजीनियर (समाडि), लेवल–6 के 25 % विभागीय (IQ) कोटा के तहत चयन।

समस्तीपुर मंडल के **यांत्रिक (समाडि)** विभाग में **जूनियर इंजीनियर (समाडि)**, लेवल–6 के 25 % (IQ) कोटा के तहत् चयन (LDCE) कराने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नवत् है–

Category	Quota	Level	SC	ST	UR	Total
Junior Engineer (C&W)	25% IQ Quota	6	01	01	04	06

यांत्रिक (समाडि) विभाग के आर्टिजन कैडर/कुशल कारीगर श्रेणी, टेकनीशियन–।।।, लेवल–2, टेकनीशियन–।।, लेवल–4, टेकनीशियन–।, लेवल–5 एवं प्रवर टेकनीशियन, लेवल–6 के कर्मचारी, जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हैं, विकल्प देने के लिए पात्र होंगे–

1. पात्रता एवं **शर्तेः**–

(i) शैक्षणिक योग्यता – 10+2 पद्धति से विज्ञान संकाय (Science Stream) से पास **अथवा** एक्ट अप्रेन्टिस/आई0टी0आई0 (Relevant trade) में पास हो। रेलवे बोर्ड के पत्र LR No.-E(NG)1/99/PM7/17, दिनांक–25.08.2003 के अनुसार आईटीआई/एक्ट अप्रेन्टिस की अर्हता उस ट्रेड में होना चाहिए, जिस ट्रेड के लिए चयन किया जाना है। यदि कोई कर्मचारी संगत ट्रेड में Degree/Diploma की अर्हता रखते हों तो वैसे कर्मचारी भी विकल्प दे सकते हैं (RBE No. 127/2003 dt. 28.07.03)।

(ii) न्यूनतम सेवा अवधि– कैरेज वैगन विभाग में कार्यरत **आर्टिजन कैडर** (सामान्य एवं अजा/अजजा) के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि को प्रशिक्षण अवधि छोडकर 03 वर्ष की नियमित रेल सेवा अनिवार्य है।

(iii) अधिसूचना जारी होने की तिथि को सामान्य वर्ग के कर्मचारियों का अधिकतम उम्र 47 वर्ष एवं अजा/अजजा वर्ग के कर्मचारियों की उम्र 52 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए (RBE No. 85/2010 dt. 09.06.10 & Railway Board's letter No. E(NG)I-1999/PM7/17, dt. 14.06.2011)

(iv) यदि कोई कर्मचारी अंतर रेल/अंतर मंडल निजी अनुरोध पर अन्य मंडल/रेलवे से इस मंडल में योगदान किये हो, तो उनके पिछले इकाई मे बितायी गयी सेवा का लाभ नये इकाई में तभी प्रदान किया जाएगा, यदि Old unit का पद नये इकाई के चयन के लिए Eligible हो। RBE No. 99/2006, dt. 27.07.2006

(v) पात्रता निर्धारण हेतु Cut-off date अधिसूचना जारी होने की तिथि मान्य होगा। RBE No 117/2006, dt. 22.08.2006

2. मेडिकल **कोटिः**–B-1 होना अनिवार्य है।

3. चयन **प्रक्रियाः**– (i) Professional ability की जॉच हेतु लिखित परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक एवं Aggregate के 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह संरक्षा कोटि से संबंधित चयन है, अतः अजा/अजजा समुदाय को लिखित परीक्षा में उतीर्ण होने हेतु न्यूनतम अर्हक अंक के शीर्ष पर कोई छूट प्रदान नही किया जाएगा।

(ii) LDCE का चयन होने के कारण Best Among the Failure की नीति लागू नहीं होगी।

4. **लिखित परीक्षाः**– लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी एवं सेवा अभिलेख का मूल्यांकन 30 अंकों का होगा। लिखित परीक्षा के 50 अंको के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय (Objective and multiple choices) प्रकृति के होंगे। लिखित परीक्षा 02 घंटों की होगी। प्रश्नों के उत्तर में कटिंग, ओवर राईटिंग, इरेजिंग एवं एक बार दिये गये उत्तर में परिवर्तन अथवा संशोधन करना मान्य नहीं होगा, जिसके लिए अभ्यर्थी को कोई अंक प्रदान नहीं किया जाएगा। RBE NO. 196/2018 dt. 14.12.18. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3

31/01/24 31/01/24

अंक (Negative Marks) प्रदान किये जायेंगे। RBE No. 194/2019, dt. 14.11.19 निर्धारित अंक के प्रश्न में 10 % अंक का प्रश्न राजभाषा के होंगे, जिनका उत्तर देना अनिवार्य नहीं होगा। सफल उम्मीदवारों की नामिका मेरिट के आधार पर तैयार की जाएगी (RBE No. 17/2014 dt. 06.02.14)। चयन हेतु पूरक/अनुपस्थिति लिखित परीक्षा (Supplementary Examination) नहीं ली जाएगी।

5. **प्री.सेलेक्शन कोचिंग**:– अजा/अजजा समुदाय के पात्र कर्मचारियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर 03 से 04 सप्ताह का Pre-coaching class विभागीय स्तर पर दिया जायेगा। प्रशिक्षण की समाप्ति के उपरांत नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण के दौरान संपूर्ण Syllabus को Cover कर लिये जाने का प्रमाण जारी किया जायेगा।

6. **सिलेबस**– सिलेबस की प्रति संलग्न है।

7. **नामिकाबद्ध कर्मचारियों का प्रशिक्षण**:–नामिका पर रखे गये सफल उम्मीदवारों को निर्धारित प्रशिक्षण उतीर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने के उपरांत ही उन्हें 25% IQ कोटा के तहत Junior Engineer /Mechanical (C&W), Pay Level-06 के पद पर पदोन्नति दी जाएगी।

8. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि**:–इच्छुक कर्मचारी आवेदन को पूर्ण रूप से संलग्न प्रारूप में भरकर वमयांइ/समाडि कार्यालय में दिनांक 20.02.2024 तक जमा करेंगे। निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता की पुष्टि हेतु प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। नियंत्रक अधिकारी सभी आवेदन/विकल्प को समेकित रूप से जॉचोपरांत कार्मिक विभाग में **मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)/समस्तीपुर** के नाम शील्ड कवर में अग्रसारण पत्र के साथ दिनांक 23.02.2024 तक भेजने की व्यवस्था करेंगे। अधिसूचना के साथ संलग्न प्रारूप में ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त किसी भी कर्मचारी के विकल्प पर विचार नहीं किया जायेगा। विकल्प दिये जाने हेतु प्रोफॉर्मा संलग्न है। संबंधित विभाग इस आशय का प्रमाण–पत्र भी प्रेषित करेंगे कि अब और कोई विकल्प/आवेदन शेष नहीं रह गया है।

9. **परीक्षा के लिए आवश्यक अनुदेश** :– लिखित परीक्षा 120 मिनट (2 घंटा) की होगी। अभ्यर्थी अपने साथ सिर्फ ब्लैक/ब्लू कलम लेकर आयेंगे। प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। उत्तर पुस्तिका पर अभ्यर्थी निर्धारित परिचय के अतिरिक्त कोई विशिष्ट पहचान चिन्ह या एक से अधिक रंगों की स्याही का प्रयोग नहीं करेंगे। निर्देशों के अनुपालन नहीं करने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेंगी।

लिखित परीक्षा की तिथि, स्थान एवं समय की सूचना बाद में दी जायेगी।

यांत्रिक/समाडि विभाग के सभी पर्यवेक्षक अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस अधिसूचना की जानकारी देवें साथ ही अधिसूचना को नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करेंगे। यदि कोई कर्मचारी अवकाश/सीक इत्यादि पर हों तो दूरभाष के माध्यम से इसकी सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही पात्र कर्मचारियों को उक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित करें। परीक्षा का पाठ्यक्रम बाद में उपलब्ध कराया जायेगा।

संलग्नक :– विकल्प का प्रारूप।

31/01/24

(प्रकाश कुमार सिंह)
सहायक कार्मिक अधिकारी–।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (का0)
समस्तीपुर

संख्या :–ECR-SPJ0PERS(C&W)/1/2024, Comp. No.-260992, dated 31.01.2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(i) वमयांइ(समाडि)/समस्तीपुर। (ii)सभी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/इंचार्ज/यांत्रिक(समाडि)/समस्तीपुर मंडल–आप अपने अधीनस्थ हेल्पर यांत्रिक (समाडि) कोटि के कर्मचारियों को उक्त अधिसूचना की जानकारी देवें तथा अधिसूचना को नोटिस बोर्ड पर चिपकाने के साथ–साथ पात्र कर्मचारियों को विकल्प देने हेतु प्रेरित करेंगे। (iii) मुकार्याधी/एम0पी0पी0–कृपया अधिसूचना को बेवसाईट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें। (iv) यांत्रिक (समाडि) कंट्रोल/समस्तीपुर–उक्त आशय की सूचना संबंधित कर्मचारी/पर्यवेक्षक को देना सुनिश्चित करेंगे। (v)मंडल मंत्री ईसीआरकेयू एवं अजा, अजजा तथा ओबीसी एसोशियेशन/समस्तीपुर। (vi) सूचनापट हेतु। (vii) अभिलेख हेतु।

31/01/24


कृते मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)/समस्तीपुर

01/02/24

31/01/24

विकल्प का प्रारूप

अभिप्रमाणित फोटो



सेवा में,
मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक),
पूर्व मध्य रेल / समस्तीपुर।

विषय :–अधिसूचना संख्याः– **ECR-SPJ0PERS(C&W)/1/2024, Comp. No.-260992,** दिनांक–30.01.2024, द्वारा जारी जूनियर इंजीनियर / यांत्रिक (कै0वै0), लेवल–6 के 25 % IQ कोटा के चयन में शामिल होने के लिए विकल्प।

01	आवेदक का नामः–	
02	पिता का नामः–	
03	पदनामः–	
04	जन्म तिथिः–	
05	नियुक्ति तिथिः–	
06	वर्तमान वेतन, लेवल एवं पदस्थापना स्थल	
07	वर्तमान लेवल में पदस्थापना की तिथि	
08	प्रथम नियुक्ति पद व वेतनमान	
09	नियुक्ति का माध्यम	
10	अधिसूचना जारी होने की तिथि को वर्तमान पद पर कुल सेवा अवधि	
11	चिकित्सा श्रेणीः–	
12	वेतन दरः–	
13	आर्टिजन कोटि में कुल सेवा अवधिः–	वर्ष – माह – दिन –
14	शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यताः– (अभिप्रमाणित प्रति सहित)	
15	विगत 03 वर्षों के दौरान DRM /PHOD / GM स्तर द्वारा प्राप्त पुरस्कार का विवरण।	
16	जाति (केवल अजा / अजजा समुदाय के लिए) अभिप्रमाणित प्रति के सहित।	
17	कर्मचारी संख्याः–	
18	एच.आर.एम.एस सः–	
19	मोबाईल संख्याः–	

मैं यह घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी जानकारी पूर्णतः सही है, एवं इसमें कोई भी त्रुटि / गलत जानकारी पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है, एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

आवेदक का हस्ताक्षर
दिनांक :

पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर

31/01/24 31/01/24

Annexure-A (89) (63) (01)

~~U92~~ अनुलग्नक – 'ग'

विषय :– 25 प्रतिशत इन्टर एपरेन्टिस कोटा के अन्तर्गत जुनियर इंजीनियर – II (कै0 एवं वै0) के पद हेतु कराये जानेवाले चयन हेतु पाठ्यक्रम ।

1. आई.आर.सी.ए. पार्ट– III तथा आई.आर.सी.ए. पार्ट– iv के नियमों की जानकारी, विभिन्न नियम तथा रिजेक्टेबुल डिफेक्ट्स आदि ।

2. विभिन्न प्रकार के सवारी एवं माल डिब्बों के यातायात कोड एवं पी.ओ.एच. अवधि ।

3. सवारी यानों के लिए निर्धारित विभिन्न अनुरक्षण सूची, इनकी अवधि तथा उनमें किये जानेवाले कार्य ।

4. माल डिब्बों का गहन परीक्षण ।

5. सवारी एवं माल गाडियों की ब्रेक शक्ति, वैकुम ब्रेक संबंधी जॉच एवं अनुरक्षण नियमों की जानकारी ।

6. एयर ब्रेक पद्धति :

6.1 एयर ब्रेक पद्धति की कार्यप्रणाली तथा लाभ ।

6.2 एयर ब्रेक पद्धति के विभिन्न उपकरण जैसे डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व, ब्रेक सिलीन्डर, कट ऑफ एंगिल कॉक, आइसोलेटिंग कॉक तथा अक्जीलरी रिजर्वायर आदि ।

6.3 एयर ब्रेक गाडियों में ट्रॉबुल शूटिंग एवं दोष निवारण ।

7. सवारी एवं माल डिब्बों में लगे विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली संबंधित जानकारी ।

8. व्हील एवं एक्सील डिफेक्टस एवं उनके नये पुराने साइज ।

9. सवारी यानों के लिये सुझाये गये मॉडिफिकेशन ।

10. दुर्घटना :

10.1 दुर्घटना सहायता गाडी को दुर्घटना सहायता कार्य हेतु बुलाये जाने तथा उसके डिस्पैच किये जाने संबंधित नियम ।

10.2 दुर्घटना सहायता स्थल पर सम्बाडि पर्यवेक्षकों के कर्तव्य ।

11. मैट्रिक स्तर की सामान्य गणित संबंधी जानकारी

12. राजभाषा संबंधी जानकारी ।

13. सामान्य ज्ञान ।

****